आकाशवाणी चंडीगढ़

31 मार्च 2025, समय 1810

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है।
- गृह मंत्री अमित शाह ने आज अग्रोहा में महाराजा अग्रसेन चिकित्सा महाविद्यालय में गहन चिकित्सा कक्ष का उद्घाटन किया और स्नातकोत्तर छात्रावास की आधारशिला रखने के साथ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण किया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि अग्रोहा के पुरातत्व महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस स्थल पर खुदाई की मंजूरी दी है।
- केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना कल से लागू होगी।
- आज ईद का त्यौहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया।

*******************************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में पूरे देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाकर देश के स्वास्थ्य ढांचे का स्तर ऊंचा किया है।गृह मंत्री हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन चिकित्सा महाविद्यालय में नवनिर्मित गहन चिकित्सा कक्ष का उद्घाटन करने और स्नातकोत्तर छात्रावास की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण भी किया। गृह मंत्री ने कहा-

देश की संस्कृति को आगे बढ़ाने में हरियाणा के योगदान पर बोलते हुए

उन्होंने कहा कि जब देश के अंदर मूल संस्कृति को ही समाप्त किया जा रहा था तब 10 गुरुओं ने संघर्ष कर हमारी परंपराओं को लचीला भी बनाया और पुनर्जीवित भी किया। उन्होंने कहा कि अस्तित्व को बचाए रखने में सिख पंथ के दसों गुरुओं का बहुत बड़ा योगदान है।देश में स्वास्थ्य ढांचे के विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के समय देश में सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान थे, जिनमें से छह एम्स अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान स्थापित किए गए थे। श्री शाह ने कहा कि अब देश में 23 एम्स हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 387 से बढ़कर 766 हो गई है। गृह मंत्री ने कहा कि एमबीबीएस सीटों की संख्या इक्यावन हजार से बढ़कर एक लाख 15 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में एमबीबीएस की 85 हजार अतिरिक्त सीट जोड़ी जाएंगी।श्री शाह ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की विभिन्न क्षेत्रों में की गई कई पहलों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। श्री शाह ने कहा कि गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए गए हैं तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर घर में शौचालय उपलब्ध करवाया गया है।हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा को निशाने पर लेते हुए श्री शाह ने कहा कि एक सरकार ऐसी आई थी जिस के समय में बिना पर्ची खर्ची नौकरी नहीं मिलती थी। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा में 80 हजार सरकारी नौकरियां बिना खर्ची पर्ची के दी हैं।
श्री शाह ने कहा -

उन्होंने कहा कि गत 10 वर्ष में हरियाणा के खिलाड़ियों ने तीन गुना पदक जीते हैं।इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, प्रदेश बी जे पी अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज पिछले 36 वर्षों से रोगियों की सेवा कर रहा है।मुख्यमंत्री आज अग्रोहा के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।अग्रोहा के पुरातत्व महत्व का जिक्र करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा –

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को मेडिकल हब बनाने की जो परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है, उसे साकार करने के लिए पर्याप्त डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ का उपलब्ध होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि  इसलिए हरियाणा के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जा रहा है।

इस अवसर पर हिसार से निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि श्री अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति इस बात की साक्षी है कि समाज सेवा के प्रति हमारे प्रयास सही दिशा में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार का निरंतर सहयोग और विश्वास प्रदान करता है।उन्होंने कहा कि आज यह संस्थान ना केवल लाखों रोगियों को चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहा है बल्कि युवाओं को उच्च स्तरीय मेडिकल शिक्षा भी दे रहा है।यह संस्थान महाराजा अग्रसेन जी की करुणा सेवा और त्याग के आदर्शों की मिसाल बना है।

*****************************************************************

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना कल से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने इसे  राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली(एन.पी.एस ) के विकल्प के रूप में प्रस्तुात किया है।पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। प्रथम समूह में इस वर्ष पहली अप्रैल तक सेवा में एनपीएस के अंतर्गत कार्यरत केंद्र सरकार का कर्मचारी शामिल है।

दूसरी श्रेणी में इस वर्ष पहली अप्रैल या उसके बाद केंद्र सरकार में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं। तीसरी श्रेणी में एनपीएस का हिस्सा रहा केंद्र सरकार का कर्मचारी 31 मार्च या उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ, चाहे वह नियमित सेवानिवृत्ति हो या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, वे एकीकृत पेंशन योजना के लिए पात्र हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग 23 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

*****************************************************************

आज ईद का त्यौहार पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। चंडीगढ़ और हरियाणा के विभिन्न जिलों से मुस्लिम समाज द्वारा ईदगाहों में नमाज़ अदा किए जाने के समाचार मिले हैं।

मस्जिद में आए कई नमाजियों ने भी हमारे संवाददाता से अपने विचार साझा किए।

रोहतक में शहर की नूरानी मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक नमाज़ अदा की और देश व दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ मांगी।छोटी काशी भिवानी के ढाणा रोड स्थति ईदगाह में नमाज़ के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान मस्जिद समिति के प्रधान जोरावर अली ने कहा कि नमाज़ में विश्व भर में अमन के लिए दुआ की गई।फरीदाबाद की मस्जिदों और ईदगाहों में भी नमाज अदा की गई और मुल्क की तरक्की ,अमन , चैन के लिए दुआ मांगी गई।सभी धर्मों के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ऊंचा गाँव स्थित जामा मस्जिद में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

..........................................................................

नवरात्र के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ शक्तिपीठ माता मनसा देवी मंदिर में माथा टेका और हवन यज्ञ में आहुतियां डाल मां से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।इस दौरान हरियाणा विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता एवं बंतो कटारिया सहित कई गणमान्य व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री ने हरियाणा की पावन धरा से ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। जिसके काफी सार्थक नतीजे आ रहे हैं। इस दौरान लाखों बेटियों का जीवन बचा है और बेटियां देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।